गये हैं और उनके स्थानों पर लगाये गये हैं और उनका अनुमानतः मूल्य कितना है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन)** : (क) भारत-पोलैंड व्यापार योजना के अधीन चवालीस ट्रांस्फार्मर खरीदे गये थे जिसमें से अठारह धनबाद के निकट सुदामडीह खान को दिये गए थे। इन में से सोलह इस समय प्रयोग में हैं।

(ख) ट्रांस्फार्मर 1963 में खरीदे गए थे और उनकी तत्कालीन यूनिट कीमत रु० 30,271 (लगभग) थी।

(ग) यह ट्रांस्फोर्मर 7 दिन से लेकर दो महीने की अवधि में नहीं जल गए थे किन्तु आगे चलकर इन में से कुछ जल गए थे। जलने के कारण निश्चित करने के लिए बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (रांची) ने जांच की थी।

(घ) जलने का कारण बिजली की सप्लाई में अक्सर होने वाली बाधा थी।

इन युनिटों के स्थान पर नए ट्रांस्फार्मर नहीं खरीदे गए थे। जले हुए ट्रांस्फार्मर की मरम्मत करके उनका इस्तेमाल किया जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के ग्रामीण क्षत्र के विद्युतीकरण के लिये मंजूर की गई धनराशि**

**1118. श्री राम प्यारे पनिका** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत मिर्जापुर जिले (उत्तर प्रदेश) के लिए कितनी धनराशि मंजूर की गई है ;

(ख) मंजूर की गई धनराशि से कितने गांवों का विद्युतीकरण किए जाने का अनुमान है और उनका विद्युतीकरण कब तक हो जाएगा ;

(ग) क्या मंजूर की गई धनराशि से सभी गांवों का विद्युतीकरण हो जाएगा ;

(घ) यदि नहीं, तो इस कार्य के लिए कुछ और धनराशि मंजूर की जाएगी ; और

(ङ) यदि हां, तो कितनी और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन)** : (क) उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले में 5 ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों के लिए ग्राम विद्युतीकरण निगम ने अब तक 3.05 करोड़ रुपए की ऋण सहायता स्वीकृत की है।

(ख) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट 5 स्कीमों में 478 गांव शामिल हैं, जिनके 1983–84 तक विद्युतीकृत हो जाने की संभावना है।

(ग) से (ङ) : जिन ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों को, ग्राम विद्युतीकरण निगम वित्तीय सहायता स्वीकृत करता है, उनको राज्य बिजली बोर्ड द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। इन स्कीमों के लिए ऋण किस्तों में मुहैया कराया जाता है। उपरोक्त 5 स्कीमों के लिए अब तक 1.65 करोड़ रुपए मुहैया कराए गए हैं। इन स्कीमों में हुई प्रगति के अनुसार ही निगम द्वारा ऋण की और अधिक किस्तें मुहैया कराई जाएंगी। समस्त स्वीकृत राशि के समुपयोजन के बाद, लागत में वृद्धि के कारण यदि अतिरिक्त वित्तीय सहायता की जरुरत होती है तो उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड द्वारा जब इस हेतु अनुरोध किया जाएगा तब निगम इसकी जांच करेगा

बशर्ते कि निगम द्वारा निर्धारित की गई शर्तें पूरी होती हों।

**Increase of 'Export pass fee' on industrial Alcohol**

1120. SHRI JANARADHANA POOJARY : Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state ;

(a) whether UP Government has increased the "Export Pass Fee" on industrial alcohol to Rs. 2 a litre ;

(b) whether the affected industries and deficit States have urged the Centre to prevail upon UP Government to bring down the 'export pass fee' to its former level of 25 paise per litre ;

(c) if so, whether the Centre has written to UP Government in this regard ; and

(d) if so, what are the details in this regard ?

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI P.C. SETHI) : (a) Yes Sir.

(b) to (d). The Central Government have received representations from the West Bengal Government as also from the All India Alcohol Based Industries Association pointing out the adverse effect this increase would have on the economic viability of Alcohol Based Industries. The matter has been taken up with the Uttar Pradesh Government for consideration of these representations and for necessary action in the matter.

**Generation of Energy from Tidal wave**

1121. SHRIMATI GEETA MUKHERJEE :
SHRI INDRAJIT GUPTA :

Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether Government have any plan for exploration of the possibilities of generation of energy from tidal waves and ;

(b) whether such steps include the possibility of exploration of tidal waves near the Sundarbans in West Bengal ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN) : (a) Yes, Sir. Government approved a proposal for taking up investigations and studies in the Gulf of Kutch, Gujarat to establish the feasibility for generating energy from tidal waves.

(b) No, Sir.

**सेंसर किये जाने हेतु विचाराधीन फिल्में**

1122. श्री दयाराम शाक्य : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या सरकार के पास कुछ फिल्में सेंसर किए जाने के लिए पड़ी हैं ;

(ख) यदि हां, तो कितनी और कब से पड़ी हैं तथा उन फिल्मों के नाम क्या हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा फिल्मों का सेंसर किये जाने में इतना अधिक समय लिए जाने के क्या कारण हैं, और इस विलम्ब को कम करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और उसको यथाशीघ्र सदन की मेज पर रख दिया जाएगा।

**Speedy Implementation of Rural Electrification Schemes by States**

1123. SHRI VIRBHADRA SINGH :
SHRI K.P. SINGH DEO :
SHRI SUBHASH CHANDRA BOSE AILURI :

Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether Union Government have urged the State Governments to finalise and implement with speed scheme for rural electrification so that they can offer better prospects for small industries and irrigation, and

(b) if so, the assistance given by the Union Government to State, State-wise for this purpose ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN) : (a) Yes Sir.